भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 4366

उत्तर देने की तारीख 02 अप्रैल, 2026 (गुरूवार)

12 चैत्र, 1948 (शक)

प्रश्न

एनईआरएसीई एप

4366 **श्रीमती एस. फान्गनॉन कोन्याक्:**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः
इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से किए गए कृषि उपज लेनदेन की मात्रा और मूल्य तथा उत्तर पूर्वी राज्यों में किसानों की आय पर इसके प्रभाव का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

27 मार्च 2026 की स्थिति के अनुसार, नॉर्थ ईस्टर्न रीजन एग्री-कमोडिटी ई-कनेक्ट (एनई-रेस) पोर्टल ने 1,168.30 लाख रुपये मूल्य के 3,082.27 मीट्रिक टन कृषि-उत्पादों के लेनदेन को सुगम बनाया है। राज्यवार विवरण इस प्रकार है:

राज्य	मात्रा (किग्रा)	मूल्य (लाख रुपये में)
अरुणाचल प्रदेश	128,530	79.19
असम	163,001	166.03
मणिपुर	347,249	152.64
मेघालय	18,228	25.60
मिजोरम	2,120,964	531.06
नागालैंड	285,916	207.31
त्रिपुरा	18,380	6.47
कुल	**30,82,268**	**1,168.30**

इस प्लेटफ़ॉर्म ने 7,200 से अधिक किसानों और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को अपने साथ जोड़ा है और उन्हें पूरे देश के खरीदारों से जोड़ा है, जिससे उनकी बाज़ार तक पहुँच और कीमतों की प्राप्ति बेहतर हुई है। इससे उन किसानों को विशेष रूप से लाभ हुआ है जो अदरक, हल्दी, बर्ड्स आई चिली, बड़ी इलायची, अनानास और कीवी जैसी अधिक कीमत वाली फसलों की खेती करते हैं, जिससे पूर्वोत्तर राज्यों में किसानों की आय बढ़ाने के नए अवसर पैदा हुए हैं।

*****